Title : Need to start helicopter service at subsidised rates for tribal areas affected by heavy snowfall in Himachal Pradesh.

श्रीमती प्रतिभा सिंह (मंडी) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन और नागरिक उड्डयन मंत्री जी का ध्यान हिमाचल प्रदेश और वहां के जनजातीय क्षेत्र लाओल-स्पीति, किन्नौर और चम्बा के पांगी तथा भरमौर क्षेत्र की ओर दिलाना चाहती हूं। आप सभी जानते हैं कि इन क्षेत्रों में भारी बर्फबारी होने के कारण सर्दियों के मौसम में छः महीने तक रास्ते बंद हो जाते हैं और इन क्षेत्रों का शो देश से समपर्क टूट जाता है। वहां के लोग इतने गरीब हैं कि वे वायुसेना के माध्यम से अपना आवागमन नहीं कर सकते। मैं आपके माध्यम से नागिरक उड्डयन मंत्री जी से मांग करना चाहती हूं कि भारत सरकार हिमाचल प्रदेश के इन इलाकों में पूर्वोत्तर राज्यों की तरह सब्सिडाइज हवाई सेवा चलाए, जिससे वहां के गरीब जनजातीय क्षेत्र के लोगों का आवागमन हो सके और देश के अन्य भागों से सम्पर्क की सुविधा उन्हें प्राप्त हो सके।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Suresh Chandel − not present.

Now, Shri Hansraj G. Ahir.